अतिक्रमण हटवाने की मांग

नवाई/गुंसी। ग्राम पंचायत गुंसी के ग्रामीणों ने सरपंच सुनिता देवी के नेतृत्व में गांव के मॉडल तालाब के ओवर फ्लो के पानी की निकासी पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया व तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर के नाम गिरदावर श्योपाल गुर्जर को ज्ञापन सौंपा है।

पूर्व सरपंच शंकरलाल सैनी, महेश सैनी, शिवराज मीणा, पप्पूलाल, सुनील सैनी, राजेश मीणा, रामफूल, नाथू लाल सैनी एवं बाबू लाल सैनी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य तालाब के ओवरफ्लो पानी की निकासी को कुछ प्रभावशाली लोगों ने पक्का निर्माण कर अवरुद्ध कर दिया है।

उन्होंने बताया कि समय रहते निकासी मार्ग को खुलासा नहीं करवाया गया तो तालाब कभी भी टूट सकता है जिससे काफी जन धन की हानि हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से ओवरफ्लो पानी की निकासी का स्थाई समाधान निकालने की मांग की है।

नरेगा श्रमिकों ने तिरंगा यात्रा निकाली

मनरेगा स्थल पर श्रमिकों ने तिरंगा रैली निकाली।

अलवर। जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत जिले में 11 अगस्त से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। दूसरी ओर नरेगा श्रमिकों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान श्रमिकों को तिरंगा शपथ भी दिलाई गई।

जिला कलक्टर ने बताया कि 11 अगस्त को जिला मुख्यालय पर कम्पनी बाग से मिनी सचिवालय तक कार व बाइक रैली आयोजित होगी तथा सभी पंचायत समितियों एवं नगर निकायों में बाईक, कार, टैक्टर के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर हर घर तिरंगा रैली निकाली जाएगी। इसी प्रकार 12 अगस्त को जिला मुख्यालय पर कम्पनी बाग से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक एवं ब्लॉक स्तर पर सभी उपखण्ड क्षेत्रों में हर घर तिरंगा रन/मैराथन का आयोजन किया जाएगा एवं जिले के समस्त ओद्योगिक इकाईयों में श्रमिकों द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम एवं तिरंगा शपथ का आयोजन करवाया जाएगा। 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय से एसएमडी विद्यालय तक एवं जिले सभी उपखण्ड क्षेत्रों में स्थित राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर हर घर तिरंगा रैली व हर घर तिरंगा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। साथ ही जिले की समस्त पंचायत समितियों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में तिरंगा रंगों के साथ रंगोली बनाया जाना व महिला हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन कराया जाएगा। 14 अगस्त को जिला मुख्यालय पर प्रताप ऑडिटोरियम में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा मेला व सास्कृतिक कार्यक्रम एवं तिरंगा सेल्फी तथा तिरंगा कैनवास अभियान आयोजित किया जाएगा एवं जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में तिरंगा शपथ व तिरंगा सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित होगी। 15 अगस्त को जिला मुख्यालय इंदिरा गांधी स्टेडियम में एवं सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर स्वतंत्राता दिवस समारोह में तिरंगा सेल्फी एवं तिरंगा कैनवास अभियान तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत मेले का आयोजन होगा। उन्होंने समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त गतिविधियों का सफल क्रियान्वयन करवाया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही जिला मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में 12 अगस्त से 15 अगस्त तक नियमानुसार प्रतिदिन तिरंगा ध्वजारोहण किया जाकर प्रति दिवस की गरिमापूर्ण फोटो पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

नरेगा श्रमिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा : जिला परिषद की सीईओ सुश्री प्रतिभा वर्मा ने बताया कि जिले में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत पंचायती राज विभाग द्वारा मनरेगा स्थलों पर गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आज नरेगा कार्य स्थलों पर नरेगा श्रमिकों द्वारा उत्साह के साथ तिरंगा रैली निकाली गई। इस दौरान श्रमिकों को तिरंगा शपथ भी दिलाई गई।

पानी की अच्छी आवक से बघोला बांध लबालब

राजगढ़ के पास बघोल बांध सहित अन्य तालाबों में पानी की आवक से भर गये।

राजगढ़। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन बारिश से जल स्त्रोतों में पानी आने से लोगों की भारी भीड उमडी। पर्यटक स्थल झरना एवं बघोला बांध सहित अन्य जगह लोगों की भारी उपस्थिति दर्ज की गई। शुक्रवार को सुबह 8 बजे तक 46 मिली मीटर बरसात रिकार्ड की गई। कस्बे के पर्यटक स्थल झरना पानी से भर जाने के कारण कभी भी ओवरफ्लो हो सकता है। इधर कस्बे के बाघोला बांध के पानी के भराव क्षेत्र में तमाम एनीकट पानी से भर जाने के कारण उन पर चादर चलने के बाद पानी ऐतिहासिक बघोला बांध में आने की संभावना बन गई है। इस बांध में दशकों के बाद पानी आने की संभावना से ही लोगों में खुशी है। इधर पर्यटक स्थलझरना, अलिबा धाम एवं अन्य स्थानों पर मौसम के सुहावना हो जाने के कारण लोगों की आवाजाही बढ़ गई है।

15 अगस्त तक होंगे अलग-अलग कार्यक्रम

किशनगढ़ बास। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में उत्सव का माहौल बने और गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए किशनगढ़ बास सहित जिले के सभी उपखंड, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। किशनगढ़ बास में एसडीएम मूलचंद लूणिया थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इसी प्रकार अभियान के तहत उपखंड, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तिरंगा यात्रा, तिरंगा प्लेज का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में अधिकारी-कर्मचारी, बच्चों, आमजन एवं विभिन्न विभागों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। एसडीएम ने बताया मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप हर घर, हर सरकारी दफ्तर, हर गली, हर नुक्कड तक तिरंगा अपनी शान में लहराए, इस हेतु 15 अगस्त तक इस अभियान का आयोजन किया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिये जिले में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेले आयोजित किए जाएंगे।

भारत न्याय तिरंगा यात्रा निकाली

- शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर सभा का आयोजन किया

कोटपूतली। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निर्देशानुसार क्रान्ति दिवस पर कांग्रेस सेवा दल कार्यकर्ताओं द्वारा भारत न्याय तिरंगा यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर सभा का आयोजन किया गया।

वहीं पंचायत समिति में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पं जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वंदे मातरम् से कार्यक्रम का शुभारम्भ कर झण्डारोहण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अविकुल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव ने की। मोरीजावाला धर्मशाला से पंचायत समिति तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय गान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस दौरान कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, अमरसिंह सैनी, हनुमान सैनी, वीके नवल, पंसस कमल मीणा, सरदाराम यादव, पूर्व सरपंच ब्रह्मप्रकाश धनकड, युवा नेता प्रदीप गुर्जर, पूर्व पार्षद तारा पूतली, केएम बंसल, डॉ. अभिलाष मीणा, सुभाष मीणा, राजेश कुमार मीणा, पदम सिंह, महेंद्र मीणा, रामप्रसाद मीणा, संदीप मीणा, ओमप्रकाश सैनी, पवन स्वामी, कांति यादव, मोहन यादव, सुरेश यादव, धोलाराम हवलदार, हरिराम यादव, महेश यादव समेत बड़ी संख्या में काग्रकर्ता मौजूद रहे।

6 की बजाय 2 चिकित्सक कार्यरत

टोंक। टोंक खण्ड के के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छान में चिकित्सकों का टोटा होने के कारण छान समेत 5 पंचायत के लोगों तथा अध्ययनरत लगभग 20 हजार विद्यार्थियों को इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी आशाराम जाट एवं वार्ड पंच हीरालाल सैनी ने बताया कि महिला चिकित्सक का पद रिक्त होने की वजह से महिलाओं के प्रसव संबंधी मामले टोंक रैफर किए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में नवोदय विद्यालय समेत 5 दर्जन छात्रावास एवं 10 स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, गौरतलब है कि छान में आस पास की 5 पंचायतों भरनी, सांखना, ताखोली, दाखिया एवं मोर के मरीज भी इलाज कराने आते हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ के अभाव की वजह से अभिभावक अपने बच्चों को टोंक लेकर भागने को मजबूर है। 5 करोड़ की लागत से निर्मित छान अस्पताल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

सार-समाचार

23 वें महायज्ञ की पूर्ण आहुति

पावटा। विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से बाबा बस्तीनाथ के सान्निध्य में पावटा कस्बा स्थित बालनाथ आश्रम बावडी में चल रहे वर्ष पर्यन्त 108 कुंडीय रूद्र महामृत्युंजय महायज्ञ में रविवार को 72 यज्ञों की श्रृंखला के 23 वें यज्ञ की पूर्णाहुति हुई जिसमें सभी यजमानों ने इस पांच दिवसीय यज्ञ में बडे ही ध्यान से पूजन और हवन का कर्म किया। जहां प्रकृति प्रकोप और महामारी और विश्व कल्याण की रक्षा हेतु भगवान महामृत्युंजय शिव नामावली के साथ आहुतियां दी गई साथ में बाबा श्री के द्वारा इस यज्ञ की पूर्णाहुति प्रधान कुंड पर यज्ञ संरक्षक महंत बस्तीनाथ के कर कमलो द्वारा हुई। बाबा श्री के भेंट के स्वरूप कई यजमानों ने दृव्यवसन का त्याग किया। इस दौरान महंत बस्तीनाथ ने कहां कि संत्वसर महायज्ञ सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय, जगत के सुख और हित को लेकर किया जा रहा है। विश्व व मानव शरीर के लिए कल्याणकारी हो इसी उद्देश्य से इस महामहामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। वही उन्होंने माता -पिता और बुजुर्गो का समान करने की बात भी कहीं।

पवन कुमार सम्मानित

टोंक। अलीगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार जैन को राज्य स्तर पर अमृता देवी विश्नोई पुरूस्कार से सम्मानित किए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। वर्धमान स्थानकवासी पोरवाल जैन समाज की और से जैन स्थानक भवन में आयोजित समारोह में एएसपी पवन कुमार जैन का सम्मान किया गया। राज्य स्तरीय समारोह में वन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर एएसपी पवन कुमार जैन को राज्य सरकार की और से किया गया है। उनके द्वारा कोटा शहर में 4 लाख वृक्ष लगाने पर यह सम्मान दिया गया है। इस दौरान एएसपी पवन कुमार जैन ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष मानव जीवन को बचाने के लिए आवश्यक है। इसलिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा करना चाहिए। इस दौरान पोरवाल जैन समाज के नागरिक व कस्बे के प्रबुद्ध उपस्थित रहे।

युवक एनीकट में डूबने से मौत

बौंली-बामनवास। क्षेत्र के पीपलदा व देवलदा गांव के मध्य एनीकट पर मछली पकड़ने गए एक युवक विष्णु कुमार बैरवा उम्र 35 वर्ष निवासी मंडावरी की गहरे पानी में चले जाने से डूबने पर मौत हो गई। पुलिस ने बौंली चिकित्सालय में मृतक का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर अवतार सिंह ने बताया कि करीब 5-6 युवक पीपलदा व देवलदा के मध्य एक एनीकट पर मछली पकड़ने गए थे जिसमें से एक युवक विष्णु कुमार बैरवा उम्र 35 वर्ष निवासी मंडावरी तहसील लालसोट गहरे पानी में चला गया जिसकी डूबने से मौत हो गई चश्मदीद चरवाहा व अन्य की सूचना पर बौंली पुलिस मौके पर पहुंची एवं मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

छात्र 11 दिन से लापता

पावटा। घर से स्कूल जाने के लिए निकला छात्र सोमवार 29 जुलाई 2024 को लापता हो गया। माता मन्जो देवी पत्नी रामकरण राठी निवासी कैरली तन आंतेला ने प्रागपुरा थाने मे मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि पुत्र हिमांशु चौधरी पावटा के एक स्कूल में कक्षा 10 का छात्र है। वह सोमवार 29 जुलाई 2024 को सुबह करीब 7.30 बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। हिमांशु चौधरी की उम्र 14 वर्ष, हाईट 5 फीट 6 इंच, रंग सांवला, बारीक पिन्ट रंग की शर्ट, जींस की पेंट, पैरो मे लाल व नीले रंग की चप्पल पहने हुए है। ज्यों कि 11 दिन से घर नही लौटा उसके वापस न आने पर स्वजन ने खोजबीन की तो कुछ पता नहीं चला। जिसे लेकर प्रागपुरा थाने मे गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मन्जो देवी पत्नी रामकरण राठी निवासी कैरली तन आंतेला ने सोमवार 29 जुलाई 2024 को थाने पर तहरीर दी है जिस पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच पडताल की जा रही है।

पूर्णाहुति में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। कस्बे में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर श्री अंगीरा धाम में आचार्य पं. बसन्तं दाधीच केदारनाथ धाम झिराना के सानिध्य में चल रहे सप्त दिवसीय महामृत्युंजय सपादलक्ष जप अनुष्ठान की महाप्रसादी के साथ पूर्णाहुति हुई। आचार्य पं. बसन्तं दाधीच ने बताया कि अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर डॉ. केके विजय सपरिवार सभी देवी देवताओ की पूजा अर्चना करते हुए भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी व शिवलिंग पर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया तथा एक दिवसीय एक कुण्डात्मक यज्ञ हवन में विभिन्न देवी देवताओ की स्तुतियां करते हुए मंत्रोचार के साथ आहुतिया दी। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। अनुष्ठान के समापन पर महाआरती कर विप्र विदाई दी गई तथा महाभोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिवरतन दरगड, कमल दरगड, अनील शर्मा, राधेश्याम शर्मा, ओम विजयवर्गीय, पं. मुकेश दाधीच व पं. कृण्णावतार सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

अभियान के तहत 1001 पौधे लगाये

कोटपूतली। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की मोहनपुरा-जोधपुरा लाईमस्टोन माईन्स को हरा भरा रखने के उद्देश्य से हरियालो राजस्थान (एक पेड़ मां के नाम) अभियान के अन्तर्गत 1001 पौधे लगाये गये। सघन पौधारोपण कार्यक्रम में खान एवं भू विज्ञान विभाग के सहायक खनिज अभियंता अमीचंद्र दुहारिया, खनिज कार्यदेशक सोनू अवस्थी, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के ईकाई प्रमुख नितिन दुराफे, अविनाश चौधरी, जास्मीन भावसार, संदीप शर्मा, खान विभाग अध्यक्ष भूपेंद्र खोरपिया एवं खान प्रबंधक दुर्गेश मेनारिया सहित अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ईकाई प्रमुख नितिन दुराफे ने कहा कि खान एवं प्लांट परिसर को हरा भरा रखने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रमों की महत्ती भूमिका है।

गोपालजी महाराज की पदयात्रा रवाना

निवाई। गांव यादव गोपालपुरा में शुक्रवार को विधिवत् पूजा-अर्चना के साथ गोपालजी महाराज झिलाय के लिए तीसरी पदयात्रा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ रवाना हुई। पदयात्रा को विधायक रामसहाय वर्मा ने यात्रियों का अभिनन्दन करते हुए ध्वज पताका का पूजन करके रवाना किया। यादव गोपालपुरा से गोपालजी का मंदिर झिलाय के लिए पदयात्री एकत्रित होकर जयकारों के साथ सुबह 8 बजे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा का श्रद्धालूओं ने भव्य स्वागत किया। विधायक वर्मा ने पदयात्रा की मंगलकामना करते हुए ध्वज पताका के साथ रवाना किया। समिति अध्यक्ष एडवोकेट बनवारीलाल यादव ने बताया कि पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ संजीवन झांकी के रूप में रवाना होकर गोपाल जी का मंदिर झिलाय पहुंची। इससे पूर्व यात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं जलपान कराकर स्वागत किया। पदयात्रा में श्रद्धालूओं डीजे के मधुर भजनों पर जमकर भक्तिनृत्य किया। पदयात्रियों ने क्षेत्र में सुख शांति एवं खुशहाली के लिए मन्नते मांगी। वही शाम को महाआरती के साथ भोग लगाकर महाप्रसादी का वितरण किया गया।

डिग्गी लक्खी मेला को देखते हुए शांति समिति की बैठक हुई

टोंक। पंचायत समिति मालपुरा के राजीव गांधी सभागार में शुक्रवार को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा व पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने संयुक्त रूप से 59 वीं डिग्गी लक्खी मेला व मालपुरा में आने वाली कांवड यात्रा सहित आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों में शांति व सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर शांति समिति की बैठक ली।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि 11 अगस्त को जयपुर से 59 वीं लक्खी पदयात्रा रवाना होगी। जिसमें लाखों की संख्या में पदयात्री श्री कल्याण जी के दर्शनों के लिए आएंगे। पदयात्रा 11 से 15 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान डिग्गी आने वाले सभी पदयात्रियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े इसकी जिम्मेदारी अधिकारियों सहित आमजन की भी है।

जिला कलेक्टर ने मालपुरा में 12 अगस्त को आने वाली कांवड यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर शांति समिति के सदस्यों से सुझाव मांगे। जिस पर शांति समिति के सदस्यों ने कांवड यात्रा को लेकर अपने-अपने सुझाव देते हुए प्रशासन की ओर से लिए जाने वाले निर्णय में अपना सहयोग देने की बात कही। पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यात्राओं को लेकर आमजन को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े इसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बैठक में सदस्यों ने डिग्गी कल्याण यात्रा के दौरान पार्किंग व्यवस्था, चांदसेन बांध पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था, जल भराव वाले स्थानों एवं रपटों पर चेतावनी बोर्ड, अतिक्रमण, जंगल कटाई के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। मालपुरा के बृजलालनगर क्षेत्र, बस स्टैंड क्षेत्र, महावीर मार्ग, जनता कॉलोनी में बरसात के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था करवाने की मांग की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर टोंक सुरेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीसलपुर पुनर्वास व डिग्गी मेला प्रभारी हरिताभ आदित्य, जिला परिषद की सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया, कार्यवाहक एसडीएम कपिल शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, पुलिस उपाधीक्षक महेंद्र कुमार, तहसीलदार राहुल पारीक, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, डिग्गी थाना प्रभारी कप्तान सिंह, शेरसिंह, एडवोकेट रघुवीर, त्रिलोक, नजरूद्दीन सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

जल धारा से शिव की आराधना

फुलेरा। श्रावण मास में बाबा भोलेनाथ को रिझाने के लिए भक्तगण जगह जगह धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर रहे है। तो कही भक्तगण कांवड लेकर आ रहे है, इसी तरह कहीं पर भक्तगण जल धारा कर शिवलिंग की पूजा अर्चना कर रहे है। इसी क्रम में क्षेत्र के निकटवर्ती ठाम पंचायत काचरोदा में स्थित शिवालय परिसर पर शुक्रवार को नाग पंचमी के दिन जल धारा का कार्यक्रम पण्डित सतीश कुमार शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए पण्डित जितेन्द्र कुमार सिंवाल ने बताया कि श्रावण मास भोलेनाथ का महीना है। हिन्दू धर्म में शिवलिंग की पूजा करना श्रेष्ठ माना जाता है। इसके लिए पंचायत के निकट स्थित शिवालय परिसर में धर्म प्रेमियों के द्वारा जल धारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मन्दिर परिसर का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई और भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को नाना द्रव्यों से स्नान करवाया गया। साथ ही पुजारी ब्रह्म दत्त शर्मा ने बताया कि ॐ श्री शिवाय नामस्तुभ्यम का जाप कर एक हजार घडे शिव लिंग पर भक्तो के द्वारा चढ़ाए गए। इसको लेकर पण्डित अरविन्द शर्मा ने बताया कि एक घड़ा जल सभी समस्याओं का हल है। प्रत्येक सनातनी को भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाते समय इसका जाप करना चाहिए।

फुलेरा में मीणा समाज ने विश्व आदिवासी दिवस मनाया

फुलेरा। कस्बे के रेल परिसर स्थित ऑल इण्डिया रेलवे एस.सी, एस.टी. कार्यालय पर शुक्रवार को दोपहर 1:15 बजे मीणा समाज के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस रामजीलाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में फुलेरा थानाधिकारी बाबूलाल मीणा रहे, तो वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रेमचन्द वर्मा, मीणा समाज फुलेरा तहसील अध्यक्ष एवं पार्षद प्रमोद मीणा, सीएलआई रमेश चन्द मुन्ना लाल मीणा आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा, महात्मा बुद्ध, महात्मा ज्योतिबा फुले, डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात फुलेरा एसी,एटी एसोसिएशन एवं मीणा समाज तहसील उपाध्यक्ष एच.के. मीणा, लालचन्द मीणा सहित अन्य लोगों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि बाबूलाल मीणा ने कहा कि राजस्थान की गत सरकार द्वारा प्रयास किया गया कि विश्व आदिवासी दिवस पर समाज को अधिक सम्मान मिले। इसके लिए 9 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। इसी क्रम में आगे बताया कि पहला राज्य स्तरीय समारोह बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। इसके साथ ही अध्यक्ष एच.के. मीणा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि आदिवासी शब्द आदि और वासी दो शब्दो से मिलकर बना होता है। जिसका अर्थ है आदिकाल से इस देश में निवास करने वाले, अर्थात मूल रूप से भारत में रहने वाले लोग। इसके अलावा पार्षद प्रमोद मीणा ने कहा कि बिरसा मुण्डा ने ब्रिटिश राज के दौरान 19 वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंस में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आन्दोलन का नेतृत्व किया था। जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और धरतीबा के नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत समाज की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन बाबूलाल मीणा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर लाट साहब मीणा, उम्मेद सिंह, लालचन्द मीणा, रमेश, गिर्राज, हेमराज, रामकेश, लक्ष्मीनारायण व महिलाओं व बच्चों सहित कई लोग उपस्थित रहें।

कलेक्टर व एस.पी. ने अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

- कोटपूतली में रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या पर गडढों को भरवाया

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व एसपी वंदिता राणा ने शुक्रवार को अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

कोटपूतली। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व एसपी वंदिता राणा ने शुक्रवार को अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने अतिवृष्टि के कारण पूतली कट के क्षतिग्रस्त सर्विस रोड का मुआयना किया तथा ट्रैफिक जाम की स्थिति को देखते हुए एनएचएआई के प्रतिनिधियों से मौके पर ही गड्ढों को भरवाने के लिए आवश्यक सामग्री मंगवाकर गड्ढों को भरवाया गया।

उन्होंने एनएचएआई प्रतिनिधियों से कहा कि भारी बारिश के कारण सर्विस रोड काफी जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिस कारण आये दिन जाम की स्थिति बन जाती है। इस बाबत उन्होंने कहा कि जहां-जहां पर भी बारिश के कारण सर्विस रोड क्षतिग्रस्त हुई है उन रोडों का शीघ्र मरम्मतीकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही बारिश के मौसम के दौरान एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम निरंतर सर्विस रोड़ की पेट्रोलिंग कर बारिश से क्षतिग्रस्त हुई रोडों का बारिश के रुकते की तुरंत मरम्मतीकरण का कार्य करवाया जायें। जिला कलेक्टर व एसपी ने कस्बे के जल भराव वाले ईलाकों का दौरा किया। उन्होंने एसपी ऑफिस, लक्ष्मीनगर, ईटली जोहड़ सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया तथा नगर परिषद अधिकारियों को जल निकासी के लिए तुरंत व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिन ईलाकों में नालों की सफाई नहीं करवाने के कारण जल भराव की स्थिति पैदा हुई है उन नालों को तुरंत साफ करवाया जायें। साथ ही निकाले गए कचरे को नजदीक में ना छोडकर उस कचरे का निस्तारण करवायें। उन्होंने कहा कि कस्बे के निचले ईलाकों में बसी हुई कॉलोनियों में जल निकासी के संबंध में विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने ईटली जोहड क्षेत्र के दौरे के दौरान नगर परिषद को जाम हुए जोहड को तुरन्त साफ कर बरसाती पानी को साहबी नदी क्षेत्र में निकासी करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम बृजेश चौधरी, डीएसपी राजेंद्र कुमार बुरडक, एनएचएआई प्रतिनिधि तथा नगर परिषद के अधिकारी मौजूद रहे।

कुएं में गिरने से महिला की मौत

निवाई। बरौनी थाना क्षेत्र के गांव अभयपुरा में कुए में गिरने से एक महिला की मौत हो गई। महिला की कुए में गिरने की सूचना मिलते ही परिवारजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी मौके पर पहुंचे। थानाधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि खेत पर काम कर रही कमला देवी गुर्जर 56 वर्ष पत्नि सूरज गुर्जर निवासी अभयपुरा कुए में गिर गई है। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से महिला को कुए में ढूंढने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। कुए में पानी अधिक होने के कारण टीम ने पंप लगाकर पानी को बाहर निकलवाया।इसके बाद एसडीआरएफ के जवानों ने बडी मशक्कत के बाद कुएं से महिला को बाहर निकाला और राजकीय सामुदायिक अस्पताल में लाकर भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिला के शव को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

क्रमांक-न.पा.फु./2024-25/912 **विज्ञप्ति सूचना** दिनांक- 05.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने निर्माण ईजाजत/आज्ञा हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

क्र.सं.	प्रार्थी का नाम	स्थान	उपयोगार्थ	क्षेत्रफल
1	श्री राकेश कुमार मीणा पुत्र श्री रतन लाल मीणा	भूखण्ड सं. 28 न्यू सांभर रोड से जोबनेर रोड के बीच फुलेरा	निर्माण आज्ञा	200.00 वर्गगज

किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कराये बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

सेन्ट्रल बोयलर्स बोर्ड
उद्योग एवं आन्तरिक व्यापार प्रोमोशन (डीपीआईआईटी) विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार,
उद्योग भवन, नई दिल्ली-110011

इन्सपेक्शन एवं सर्टिफिकेशन आफ बायलर्स-2024 के लिए योग्य व्यक्तियों की मान्यता के लिये सातवीं परीक्षा।

उपरोक्त परीक्षा 20 अक्टूबर 2024 को निर्धारित है। आन लाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिये अन्तिम तिथि 17 सितम्बर 2024 है। और विवरण के लिये कृपया वेबसाईट www.npcindia.gov.in पर जाये।

निदेशक-सीबीबी परीक्षा इकाई
डॉ. अम्बेडकर इन्सीट्यूट आफ प्रोडक्टीविटी
नेशनल प्रोडक्टिविटी काउन्सिल
6, आविन डेयरी रोड, अम्बतूर इण्डस्ट्रीयल एस्टेट उत्तर,
अम्बातूर चेन्नई-600 050
मोबाइल-91-72002 08675, ई-मेल-boilerexam@npcindia.gov.in
CBC 05201/11/0012/2425